# HIMACHAL PRADESH TWELFTH VIDHAN SABHA

**(Tenth Session)**

**Questions For Oral Answer**

## Monday, the 30th November, 2015 /9th Agrahayana, 1937 (Saka)

----

**[Chief Minister - Irrigation & Public Health Minister - Health & Family Welfare Minister - Food, Civil Supplies & Consumer Affairs Minister - MPP & Power Minister - Forest Minister - Industries Minister - Urban Development Minister - Excise & Taxation Minister - Social Justice & Empowerment Minister - Rural Development & Panchayati Raj Minister and Cooperation Minister ].**

**Total No. of Questions - 17**

----

### Rongtong Project

***2470 Sh. Ravi Thakur (Lahaul & Spiti):**

Will the **MPP & Power Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that generation in Rongtong Project has not started even after spending crore of rupees on its repairs; and

(b) if so, by when the generation will start?

----

### Filling up of Vacant Posts

***2471 Sh. B.K. Chauhan (Chamba):**

Will the **Health & Family Welfare Minister** be pleased to state that:-

(a) presently how many health institutions i.e. Health Sub-Centres, PHCs, CHCs, District, Regional and State Hospitals are there in the State; district-wise details be given;

(b) how many sanctioned posts of General Duty Doctors, Specialists are there and out of these how many are lying vacant and since when; institution and discipline-wise details be given; and

(c) what measures Government is taking to fill up these vacancies and by when these will be filled up ?

----

## आश्रितों को मुआवजा

***2472 श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 1.8.2015 से 7.11.2015 तक जंगली जानवरों, आवारा पशुओं एवं कुत्तों द्वारा कितने लोगों पर हमला किया गया, कितनों को गंभीर रूप से घायल किया गया और कितनो को मौत के घाट उतारा गया; विवरण जिलाशः नाम पते सहित दें;

(ख) सरकार की नीति अनुसार घायलों और मृतकों के आश्रितों को कितनी-कितनी धनराशि स्वीकृत की गई; विवरण दें; और

(ग) इन में से किस-किस को कितनी-कितनी धनराशि कब-कब से स्वीकृति के उपरान्त प्रदान नहीं की गई है; ब्यौरा नाम सहित दें?

----

## पंचायतों की संख्या

***2473 श्री जय राम ठाकुर (सिराज़):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि वर्तमान में प्रदेश में नई नगर निगम, नगर परिषद, नगर पंचायतें गठित होने के उपरान्त कुल कितनी ग्राम पंचायतें शेष रहती हैं; ब्यौरा जिलावार दें?

----

## सोने-चांदी की नीलामी

***2474 श्री रणधीर शर्मा (श्री नैना देवीजी):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि हाल ही में श्री नैना देवीजी मन्दिर में गिल्ट की नीलामी में सोने-चांदी की नीलामी का मामला ध्यान में आया था; और

(ख) यदि हां, तो उस पर क्या कार्रवाई की गई; ब्यौरा दें ?

----

## अग्निकांड से नुकसान

***2475 श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) हाल ही मे जिला कुल्लू के कोटला गांव में भीषण अग्निकांड से कितने घरों, मन्दिरों और सरकारी सम्पत्ति का नुकसान आंका गया, सूची नाम सहित सभा पटल पर रखें; और

(ख) सरकार द्वारा कितनी-कितनी फौरी राहत प्रति परिवार दी गई और इस गांव के पुनर्वास के लिए क्या योजना बनाई गई; ब्यौरा दें?

----

## मुफ्त वर्दी

***2476 श्री ईश्वर दास धीमान (भोरंज):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क)यह सत्य है कि वर्ष 2015 के शैक्षणिक सत्र में स्कूलों में पहली से दसवीं कक्षा तक वितरित की जाने वाली मुफ्त वर्दी वितरित कर दी गई है;

(ख) यदि हां, तो कब-कब, यदि नहीं, तो देरी के क्या कारण हैं; और

(ग) इस विलम्ब के लिए किसी को दोषी ठहराया गया है; यदि नहीं, तो कारण ?

----

## सड़क निर्माण

***2477 श्री किशोरी लाल (बैजनाथ):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) सरकार बैजनाथ-पपरोला राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर बाइपास का निर्माण कार्य कब तक शुरू करने का विचार रखती है; और

(ख ) राष्ट्रीय उच्च मार्ग पठानकोट-मंडी का कार्य कब तक पूर्ण किया जाना प्रस्तावित है; ब्यौरा दें?

----

## पैन्शन के लम्बित मामले

***2478 श्री रिखी राम कौंडल (झण्डुता):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत तीन वर्षों में हिमाचल पथ परिवहन निगम से सेवानिवृत्त कर्मचारियों के कितने

मामले पैन्शन की स्वीकृति हेतु लम्बित हैं; ब्यौरा डिपोशः उनके नाम व विलम्ब के कारणों सहित दें; और

(ख) सरकार लम्बित मामले कब तक निपटाने का विचार रखती है?

----

## Construction of Bridges

***2479 Sh. Ravi Thakur (Lahaul & Spiti):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that construction work of Nalda, Lobor , Chichem & Teling bridges was started several years back;

(b) if yes, how much funds have been advanced to the contractors till 7.11.2015; and

(c) by when, these bridges will be completed?

----

## आय-व्यय का विवरण

***2480 श्री बी0 के0 चौहान (चम्बा):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) इस वित्तीय वर्ष में राज्य सरकार ने अन्तर्राष्ट्रीय मिंजर मेले हेतु कितनी धनराशि जिलाधीश चम्बा को उपलब्ध करवाई गई तथा कितनी राशि व्यय की गई;

(ख) कितनी राशि जिला प्रशासन ने अन्य स्त्रोतों से एकत्रित की; और

(ग) मेले की आय एवं व्यय का विवरण सदन के पटल पर रखें ?

----

## भूमि का हस्तांतरण

***2481 श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि हाल ही में सरकार ने वन भूमि को शिक्षा विभाग के नाम हस्तांतरित करने का निर्णय लिया है; और

(ख) यदि हां, तो कितनी प्राथमिक,माध्यमिक,उच्च पाठशालाएं तथा वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाएं ऐसी हैं जिनकी भूमि विभाग के नाम स्थानान्तरित कर दी गई है और कितनी विचाराधीन है; ब्यौरा जिलाशः पाठशाला के नाम सहित दें?

----

## सड़क निर्माण

***2482 श्री जय राम ठाकुर (सिराज़):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि जिला मण्डी के अन्तर्गत शिकारी माता मंदिर के लिए सड़क का निर्माण पूर्ण हो गया है और यह कार्य क्या लोक निर्माण विभाग द्वारा किया गया है; और

(ख) यदि हां, तो सड़क निर्माण के पश्चात् इस सड़क का रख-रखाव कौन सा विभाग देख रहा है; ब्यौरा दें?

----

## पेयजल/सिंचाई योजनाओं की आऊटसोर्सिंग

***2483 श्री रणधीर शर्मा (श्री नैना देवीजी):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि दिनांक 1 जनवरी, 2013 से 31 अक्तूबर, 2015 तक प्रदेश में पेयजल व सिंचाई की कौन-कौन सी योजनाएं, कितने-कितने समय के लिए, कितनी-कितनी धनराशि में किस-किस प्राईवेट कम्पनी या ठेकेदार को outsource की गई; ब्यौरा जिलाशः दें?

----

## मुख्य मन्त्री द्वारा शिलान्यास

***2484 श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में माननीय मुख्यमन्त्री ने जिला कुल्लू में किन-किन कार्यों का शिलान्यास एवं उद्घाटन कब-कब किया; सूचना सभा पटल पर रखें ?

----

## डी0पी0 आर0 की अद्यतन स्थिति

***2485 श्री ईश्वर दास धीमान (भोरंज):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में भोरंज विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की किन-किन सड़कों को विधायक प्राथमिकता में डाला गया;

(ख) इन सड़कों में से कितनी की डी0पी0आर0 लोक निर्माण विभाग द्वारा तैयार कर दी गई है व कितनी सड़कें निर्माणाधीन हैं; और

(ग) कौन-कौन सी सड़कें ऐसी हैं जिनकी डी0पी0आर0 नहीं बनाई गई हैं; ब्यौरा विलम्ब के कारणों सहित दें ?

----

## पदपूर्ति

***2486 श्री रिखी राम कौंडल (झण्डुता):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) दिनांक 31.10.2015 को सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग में घुमारवीं मण्डल के अन्तर्गत वाटर गार्ड, फिटर, बिल क्लर्क के कितने-कितने पद स्वीकृत हैं और उनमें से कितने रिक्त हैं; और

(ख) सरकार रिक्त पदों को कब तक भरने का विचार रखती है ?

----

**शिमलाः 171004.** **सुन्दर सिंह वर्मा,**

**दिनांकः 19 नवम्बर, 2015.** **सचिव।**